# Padma Shri





## SMT. SHASHI SONI

Smt. Shashi Soni is a famous entrepreneur, social activist and philanthropist.

2. Born on 4th April, 1941 in Lahore (undivided India), Smt. Soni is the Founder of the Deep Group which encompasses companies engaged in the fields of Defence manufacturing, Information Technology and Semiconductor packaging. The group has operations in India, Europe and the United States. She started her entrepreneurial career with Deep Transport (1971-1975) with Rupees 10,000 in hand. She established Deep Mandir cinema in 1975, the first Air-Conditioned cinema in Mulund, Mumbai. She established Deep Oxygen Pvt. Ltd. in 1981, first industrial gas manufacturer in Mysore and changed the face of small-scale gas manufacturing in India. She was elected as the only woman member of the Managing Committee of the All India Industrial Gas Manufacturers Association. She was appointed as the only woman member of Director General of Technical Development panel of the Government of India for 5 years.

3. Smt. Soni is the Founder and Chairperson of IZMO Ltd. in 1996. IZMO is now the World leader in interactive marketing solution and offers hi-tech automotive and e-retailing solutions in North America, Europe and Asia. IZMO Limited is listed in NSE and BSE. IZMO's products are used by more than 1,800 customers in India, Europe and the USA. IZMO has won the award every year from 2019 from Financial Times, UK for being one of the fastest growing companies in Asia and The Economic Times for being part of the fastest growing companies in India since 2019.

4. Smt. Soni is actively involved in setting up a state-of-the-art ammunition manufacturing facility Hughes Precision Manufacturing Pvt. Ltd., in a record span of 18 months at Goa during Covid period under the "Make in India" initiative of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi. It is the only ammunition manufacturer in the private sector in India. Hughes is one of the most advanced ammunition manufacturing facilities in the world. Setup as an Export Oriented Unit, it is exporting ammunition to 14 countries around the world.

5. Smt. Soni is the Founder of Deep Janseva Samiti (1996), a Charitable Trust which has given immense contribution to society by providing organized jobs, educating women from the adjoining slums, rehabilitation of people living in slums, launching pension schemes, raising funds for physically handicapped etc. Smart Shiksha is a pioneering program started by her in the State of Karnataka for young students.

6. Smt. Soni was honoured with 'Mahila Gaurav Puraskar' in 1990 for her contribution to the Indian Industry.





## श्रीमती शशी सोनी

श्रीमती शशी सोनी एक प्रसिद्ध उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता और परोपकारी महिला हैं।

2. 4 अप्रैल, 1941 को लाहौर (अविभाजित भारत) में जन्मी, श्रीमती सोनी दीप समूह की संस्थापक हैं। इस समूह की कंपनियां रक्षा विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर पैकेजिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। यह समूह भारत, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्यरत है। उन्होंने 10,000 रुपये के साथ दीप ट्रांसपोर्ट (1971–1975) से अपने उद्यमी करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 1975 में मुलुंड, मुंबई में पहला वातानुकूलित सिनेमाघर दीप मंदिर सिनेमा की स्थापना की। उन्होंने 1981 में, मैसूर में पहले औद्योगिक गैस विनिर्माता दीप ऑक्सीजन प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की और भारत में छोटे पैमाने पर गैस विनिर्माण का परिदृश्य बदल दिया। उन्हें ऑल इंडिया इंडस्ट्रियल गैस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन की प्रबंध समिति की एकमात्र महिला सदस्य के रूप में चुना गया था। भारत सरकार में उन्हें 5 वर्ष के लिए तकनीकी विकास महानिदेशक के पैनल की एकमात्र महिला सदस्य नियुक्त किया था।

3. श्रीमती सोनी 1996 में आई.जेड.एम.ओ. लिमिटेड की संस्थापक–अध्यक्ष थीं। आई.जेड.एम.ओ. अब इंटरैक्टिव मार्केटिंग समाधान के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी है तथा उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया में हाई–टेक ऑटोमोटिव और ई–रिटेलिंग समाधान उपलब्ध कराती है। आई.जेड.एम.ओ. लिमिटेड एनएसई और बीएसई में सूचीबद्ध है। भारत, यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में 1,800 से अधिक ग्राहक आई.जेड.एम.ओ. के उत्पादों का उपयोग करते हैं। आई.जेड.एम.ओ. ने 2019 से प्रति वर्ष युनाईटेड किंगडम के फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा एशिया में एक सबसे तेजी से बढ़ती कंपनी होने का पुरस्कार जीता है और इकोनॉमिक टाइम्स ने इसे 2019 से भारत में सबसे तेजी से बढ़ती कंपनियों में से एक होने के लिए पुरस्कार प्रदान किया है।

4. श्रीमती सोनी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "मेक इन इंडिया" पहल के तहत कोविड के दौरान गोवा मे 18 महीने की रिकॉर्ड अवधि में अत्याधुनिक गोला–बारूद निर्माण संयंत्र ह्युजिज प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की है। यह भारत में निजी क्षेत्र की एकमात्र गोला–बारूद विनिर्माता कंपनी है। ह्युजिज दुनिया की सबसे उन्नत गोला–बारूद निर्माण संयंत्रों में से एक है। एक निर्यात उन्मुख इकाई के रूप में स्थापित, यह संयंत्र विश्व के 14 देशों को गोला–बारूद निर्यात कर रहा है।

5. श्रीमती सोनी दीप जनसेवा समिति (1996) की संस्थापक हैं। यह एक धर्मार्थ ट्रस्ट है जिसने संगठित क्षेत्र में नौकरियां प्रदान करके, आसपास की झुग्गियों की महिलाओं को शिक्षित करके, झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वाले लोगों का पुनर्वास करके, पेंशन योजनाएं शुरू करके, दिव्यांगों के लिए धन जुटाकर, और अन्य प्रयासों से समाज कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 'स्मार्ट शिक्षा' उनके द्वारा कर्नाटक राज्य में युवा छात्रों के लिए शुरू किया गया एक अग्रणी कार्यक्रम है।

6. श्रीमती सोनी को भारतीय उद्योग में योगदान के लिए 1990 में 'महिला गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था।